भारत सरकार
खान मंत्रालय
भारतीय खान ब्यूरो

क्षेत्रीय खान नियंत्रक का कार्यालय, चेन्नई

सी-4-ए, राजाजी भवन
सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, बसंत नगर
चेन्नई – 600 090

दिनांक : 02/07/2026

सेवा में,
खान नियंत्रक एवं राजभाषा अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो
इंदिरा भवन, सिविल लाइंस
नागपुर – 440 001

विषय : राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त का प्रेषण।

महोदय,

राजभाषा नीति एवं राजभाषा नियमों के अनुपालन में इस कार्यालय में दिनांक 24.06.2026 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक का कार्यवृत्त इस पत्र के साथ संलग्न कर आपकी जानकारी एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

भवदीय,

Digitally signed by
Suresh Prasad
Date: 07-07-2026
10:53:19

डॉ. सुरेश प्रसाद
क्षेत्रीय खान नियंत्रक
भारतीय खान ब्यूरो, चेन्नई

प्रतिलिपि :

1. खान नियंत्रक, दक्षिण अंचल, भारतीय खान ब्यूरो, बेंगलुरु – सूचनार्थ।

क्षेत्रीय खान नियंत्रक का कार्यालय, चेन्नई

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक: 24.06.2026
समय: **पूर्वाह्न** 11:30 **बजे**
स्थान: **क्षेत्रीय खान नियंत्रक का कार्यालय, चेन्नई**

बैठक के मुख्य बिंदु

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अप्रैल–जून, 2026 तिमाही बैठक दिनांक 24.06.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे डॉ. श्री सुरेश प्रसाद, क्षेत्रीय खान नियंत्रक, चेन्नई की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की।
2. श्री मनोज कुमार महतो, सहायक खान नियंत्रक द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया तथा अप्रैल–जून, 2026 तिमाही के दौरान हिंदी में किए गए पत्राचार, फाइलों पर हिंदी टिप्पणियाँ, ई-ऑफिस में हिंदी के प्रयोग तथा अन्य राजभाषा संबंधी कार्यों की प्रगति से अवगत कराया गया।
3. अध्यक्ष महोदय द्वारा राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सक्रिय सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया। बैठक के दौरान अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री सौरभ सक्सेना (ASK-T) को कार्यालय में हिंदी अनुवाद संबंधी कार्यों के संपादन हेतु नामित किया गया।
4. कार्यालय की हिंदी पत्रिका के प्रकाशन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने की सहमति व्यक्त की। साथ ही पत्रिका के लिए उपयुक्त नामों के सुझाव आमंत्रित करने तथा चयनित नाम के प्रस्तावक को सम्मानित एवं पुरस्कृत किए जाने का निर्णय लिया गया।
5. संसदीय राजभाषा समिति द्वारा पूर्व निरीक्षण के दौरान इंगित बिंदुओं की समीक्षा की गई तथा उन पर की गई अनुपालन कार्रवाई की जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। साथ ही कार्यालय के नामपट्ट, सूचना-पट्ट, संकेतक, मुहरें, रबर स्टाम्प, लेटरहेड तथा अन्य प्रदर्शित सामग्री को राजभाषा नीति के अनुरूप द्विभाषी बनाए रखने पर बल दिया गया।

6. ई-ऑफिस, ई-मेल, नोटशीट, पत्राचार एवं कार्यालयी अभिलेखों में हिंदी के प्रयोग को और अधिक बढ़ाने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी में मूल रूप से कार्य करने एवं फाइलों पर अधिकाधिक हिंदी टिप्पणियाँ अंकित करने के लिए प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया गया।
7. हिंदी प्रशिक्षण (प्रबोध, प्रवीण एवं प्राज्ञ) पूर्ण न करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यथाशीघ्र प्रशिक्षण पूर्ण करने, हिंदी कार्यशालाओं, हिंदी पखवाड़ा, हिंदी दिवस तथा अन्य राजभाषा संबंधी कार्यक्रमों में नियमित सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।
8. अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिए कि संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इंगित सभी बिंदुओं का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा आगामी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। अन्य विषय के अंतर्गत राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु नवीन सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया।
9. अंत में श्री कुमरेश ए., वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक (Sr. ACOM), चेन्नई द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके उपरांत बैठक का समापन किया गया।